पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-27

बुधवार, दिनांक-03 अप्रील, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अप्ल सूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 201 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार एवं श्री भाई बीरेन्द्र से प्राप्त दो कार्यस्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती भागीरथी देवी

(ii) श्री प्रदीप कुमार

(iii) श्रीमती पूनम देवी यादव

(iv) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह

(v) श्री विनोद प्रसाद यादव

(vi) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(vii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(viii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(ix) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(x) श्री कृष्णनन्दन यादव

(xi) श्री चन्द्रशेखर

(xii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(xiii) श्री कन्हैया कुमार

(xiv) श्री अशोक कुमार सिंह

(xv) श्री जनक सिंह

[4] **मानानीय मुख्यमंत्री का वक्तव्य** :- यथा संलग्न

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन के बार-बार शांत रहने और अपने सीट पर जाने के अनुरोध के बावजूद वे वेल में नारेबाजी करते रहे । आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए सूचीबद्ध ध्यानाकर्षण सूचनाएँ गैर-सरकारी संकल्प के बाद लिए जाएँगे । तदुपरांत सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 6.45 बजे अप० तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वक्तव्य** :-

माननीय प्रभारी मंत्री उर्जा विभाग श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा कोयला आपूर्त्ति के कारण राज्य में विद्युत-संकट पर वक्तव्य दिया गया ।

[6] **गैर सरकारी संकल्प** :-

(i) 12 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

(ii) 11 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट ।

(iii) 120 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

(iv) 02 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 61 के निस्तारण दौरान माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर सदन की अवधि का विस्तार आज के कार्यों के निष्पादन तक किया गया ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 95 के निस्तारण दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

[7] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) माननीय सदस्य श्री सुमित कुमार एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 01, 06, 11, 15 एवं 20 मार्च तथा 01 एवं 02 अप्रील, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डॉ० रणविजय कुमार एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित दिनांक 21.03.2013 एवं 01.04.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 04.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अखतरूल इसलाम शाहिन एवं अन्य सभासदों का भवन निर्माण विभाग / शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 21.03.2013 एवं 01.04.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य डॉ० दाउद अली एवं अन्य सभासदों का मंत्रिमंडल सचिवाल विभाग / श्रम संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 04.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(v) माननीय सदस्य श्री कन्हैया कुमार एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 04.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

[8] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 35 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 04.04.2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.04.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।